तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

12 500 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना का लक्ष्य किया...



12 भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नबीन, ...





## खबर संक्षेप

### टेलीफोन अदालत कम ओपन हाउस 30 को

**जगदलपुर।** दूरसंचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र जिला कांकेर, बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोंडागांव के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 30 जनवरी को 11 बजे प्रधान महाप्रबंधक दूर संचार जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत-कम-ओपन हाउस लगाया जाएगा। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग संबंधी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कि गई हो ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते हैं। सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण भी बीएसएनएल सर्किल ऑफिस रायपुर द्वारा नियुक्त नॉमिनी की उपस्थिति में किया जाएगा।

### व्यापम आयोजित करेगा एक फरवरी को टीईटी परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय जगदलपुर पूरी तरह तैयार है। आगामी 1 फरवरी का दिन बस्तर के उन हजारों युवाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाला है, जो शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा देने का सपना संजोए हुए हैं। इस महापरीक्षा में डीएड और बीएड डिग्रीधारी कुल 14,174 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे, जिसके लिए स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए हैं।

### वन विभाग अलर्ट, ग्रामीणों से जंगल की ओर न जाने की अपील

# बस्तर में फिर दिखे बाघ के पगचिन्ह, बजावंड में मिले निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में एक बार फिर बाघ की मौजूदगी ने न केवल ग्रामीणों की, बल्कि वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। बकावंड ब्लॉक के बजावंड गांव में बाघ के पैरों के ताजा निशान मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है।

बताया जा रहा है कि बाघ ने गांव के पास एक कुत्ते का शिकार भी किया है, जिससे ग्रामीणों में डर और सतर्कता दोनों बढ़ गई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव के कोटवार द्वारा मुनादी कराई जा रही है, जिसमें ग्रामीणों से जंगल



की ओर न जाने की अपील की जा रही है। आशंका है कि बाघ आसपास ही सक्रिय है और कभी भी मानव बस्ती के करीब आ सकता है। वन विभाग ने बाघ की मौजूदगी की पुष्टि की है।

#### कैमरे में नहीं दिखा बाघ

बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार बाघ के पगचिन्ह मिले पर विभाग द्वारा लगाए गए कैमरे में बाघ नहीं दिखा। इसके बाद भी आसपास के गांवों में मुनादी की गई कि लोग जंगल नहीं जाएं।

#### बाघ का मूवमेंट दर्ज

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि बाघ का मूवमेंट इसी इलाके में दर्ज किया गया है। यह वही बाघ है, जिसका फुट प्रिंट पहली बार 3 जनवरी को तोकापाल ब्लॉक के खंडियापाल इलाके में मिला था। उस समय भी बाघ द्वारा कई जानवरों के शिकार की जानकारी सामने आई थी।

## सड़क पर मलबा फैलाने और नाली जाम पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बंसल क्लीनिक पर नगर निगम ने ठोका 10 हजार का जुर्माना




नगर निगम ने शहर की यातायात व्यवस्था और स्वच्छता को लेकर कड़ी कार्रवाई की है। इसी क्रम में सार्वजनिक सड़क और नालियों को अवरुद्ध करने के मामले में निगम ने बंसल क्लीनिक पर कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई शहर में बेतरतीब निर्माण कार्य और उससे उत्पन्न होने वाली अव्यवस्था को रोकने के उद्देश्य से की गई है।

निगम प्रशासन के संज्ञान में यह बात आई कि बंसल क्लीनिक में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान रेती और गिट्टी को सड़क पर ही बेतरतीब ढंग से डंप कर दिया गया है। इस लापरवाही के चलते न केवल आम राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया था, बल्कि निर्माण सामग्री नालियों में भर जाने से उस क्षेत्र की जल ⏭ शेष पेज 12 पर

## दियारी मेले में जुआ, हजारों रुपए नकद जब्त, 2 गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोड़ेनार थाना क्षेत्र स्थित अलवा ग्राम में चल रहे दियारी मेला में रूपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों रूपए नगद के अलावा जुआ खिलाने का सामान बरामद किया



गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे मेले में बड़े पैमाने में खिलाए जा रहे खिड़खिड़ी नाम के जुआ की लगातार मिल रही शिकायत के बाद आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी ⏭ शेष पेज 12 पर

## बीमा कंपनी अदा करेगी उपभोक्ता को क्षति दावा राशि 6 लाख रूपए

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में ग्राम तो का पा ल निवासी अजय गुप्ता को बजाज ए लि यां ज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर द्वारा 6 लाख रुपए की बीमा क्षति दावा राशि एवं मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपए पृथक से अदा करेगी। यह आदेश आयोग की





अध्यक्ष सुजाता जायसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार आवेदक के जीजा स्व. ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा बजाज एलियांज ⏭ शेष पेज 12 पर

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

- आतिशबाजी व ढोल नगाड़े के साथ मनायी खुशियाँ, बांटी मिठाइयां

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी और मिठाई बाँट कर ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाया। ढोल नगाड़े की थाप पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जमकर थिरके व नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचित होने पर एक दूसरे को बधाई दी।

**इनकी रही उपस्थिति:**-इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, आर्येन्द्र आर्य, रजनीश



पाणिग्रही, परिसराम बेसरा, नरसिंह राव, ललिता बघेल, रामकुमारी यादव, राजेन्द्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष पारेख, माहेश्वरी ठाकुर, सुधा मिश्रा, शशिनाथ पाठक, दिगम्बर राव, संजय चंद्राकर, संग्राम सिंह राणा, अतुल सिम्हा, योगेश शुक्ला, विक्रम यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूल बसों की अनदेखी पर सख्ती ब्लैक लिस्टेड करने का अल्टीमेटम

- 21 स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त करने आरटीओ ने दिया स्कूल प्रबंधकों को नोटिस

**जगदलपुर।** परिवहन विभाग के बार-बार निर्देश के बाद भी स्कूल प्रबंधन और ट्रांसपोर्ट इस बात को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इस पर बस्तर जिले के कई स्कूल प्रबंधनों को नोटिस जारी किया है, जिसमें 21 स्कूल बसों का रजिस्ट्रेशन पंजीयन रद्द करने की चेतावनी दी



गई है। यह स्कूल बसों परिवहन विभाग की ओर से लगाए गए शिविर में नहीं पहुंचे और बार-बार नोटिस के बाद भी स्कूल प्रबंधन और ट्रांसपोर्टर कार्रवाई नहीं कर रहे थे, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि छात्रों ⏭ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### टेडमुंडा में लगे शिविर में हुआ 61 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव के ग्राम टेडमुंडा में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए मोबाइल श्रम पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम टेडमुंडा एवं आसपास के क्षेत्रें से आए श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान कुल 61 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने श्रमिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में श्रम पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं, जिससे उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में तहसीलदार ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



**फरसगांव।** चैयतूगायता (आलोर)शासकीय महाविद्यालय फरसगांव में मंगकवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील फरसगांव के तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ जय कुमार नाग के द्वारा महाविद्यालय के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के द्वारा उचित योग्य उम्मीदवार का चयन कर मजबूत लोकतांत्रिक देश का निर्माण किया जाता है। इसके पश्चात आर एन तिवारी मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने संबंधी फॉर्म 6,7,8 के बारे में विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सुश्री निधि नेताम, बीएलओ, अमित कुमार ठाकुर, अशोक साहू, चरण सिंह मरकाम, डिलेश्वर कुमार साहू महाविद्यालय के स्वीप के प्रभारी सुलोचना मरकाम सहायक प्राध्यापक राजेंद्र मरकाम, तीरथ बरिहा,सरिता सोनवानी, गोपाल पटेल, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### सबसे बड़ा गर्व है कि हम हिन्दू हैं: बालकदास महाराज



**धनोरा।** धनोरा अनुविभाग अंतर्गत आने वाले ग्राम धनौरा मे मंगलवार को विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे कई सामाजिक संगठनो कि उपस्थिति हुई जिसमे सभी समाज प्रमुखो का सम्मान करते हुये उनका उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे पाटेश्वरधाम के बालकदास महाराज ने विराट जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा कि मै इस स्थान मे 1991 मे भी आया था आज फिर मै आया हूँ और आपको जगाने आया हूँ बटोगे तो कटोगे एक रहो संगठित रहो। आगे बालकदास महाराज ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिये हम हिन्दू है और हिन्दुस्तानी है हमको अब इस हिंदुस्तान और हिंदु कि रक्षा करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे हिन्दू समाज का विशेष योगदान रहा, मंच का प्रभावी संचालन प्रवीण अग्निहोत्री, लोकेश गायकवाड ने किया।

# 500 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना का लक्ष्य किया गया हासिल

## पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में कोंडागांव जिले की ऐतिहासिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक नई मिसाल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में 500 घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना का निर्धारित लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

योजना के तहत लक्ष्य पूर्ति के मामले में कोंडागांव जिला पूरे राज्य में अग्रणी रहा है। यह उपलब्धि जिले की सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था और प्रभावी कार्ययोजना का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अब तक 426 सौर संयंत्रें का विद्युत ग्रिड से सफल सिंक्रोनाइजेशन किया जा चुका है, जबकि शेष संयंत्रें को ग्रिड से जोड़ने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसके चलते बड़ी संख्या में उपभोक्ता प्रत्यक्ष रूप से सौर ऊर्जा का लाभ ले रहे हैं। यह उपलब्धि कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के सशक्त मार्गदर्शन, सतत निगरानी और प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है। उनके निर्देशानुसार नियमित समीक्षा, विभागीय समन्वय एवं लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया गया। जिला प्रशासन द्वारा जनजागरूकता शिविरों के माध्यम से नागरिकों को योजना से जोड़ने के विशेष प्रयास किए गए। इससे बड़ी संख्या में पात्र हितग्राही योजना से जुड़े और सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हुए।

### सरल, पारदर्शी और सुगम प्रक्रिया सुनिश्चित

प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि सब्सिडी, तकनीकी सहायता एवं आवेदन प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुगम रहे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक योजना का लाभ उठा सकें। सौर ऊर्जा के उपयोग से जहां उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आई है, वहीं पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं।



### हरित ऊर्जा की दिशा में आदर्श जिला

विद्युत विभाग की तकनीकी दक्षता और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से कोंडागांव हरित ऊर्जा की दिशा में एक आदर्श जिला के रूप में स्थापित हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस उपलब्धि को और विस्तार देते हुए कोंडागांव को छत्तीसगढ़ का अग्रणी सोलर जिला बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे।

## जयस्तंभ चौक में हुई आतिशबाजी, मिठाई बंटी और गूंजे देशभक्ति के नारे

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नबीन, नारायणपुर में मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



■ कार्यकर्ताओं ने नेतृत्व को बताया संगठन की मजबूती का आधार

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन जी के निर्विरोध निर्वाचित होने की विधिवत घोषणा के साथ ही नारायणपुर नगर में उत्साह, उमंग और उल्लास का वातावरण निर्मित हो गया। इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख जयस्तंभ चौक में एकत्र होकर आतिशबाजी की, मिठाइयां वितरित कीं तथा हर्षोल्लास के साथ खुशी का इज़हार किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि नितिन नबीन जी वर्तमान में छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी के रूप में संगठन को सुदृढ़ दिशा प्रदान कर रहे हैं। उनके कुशल, सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2023 के विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में पार्टी को राज्य में ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई, जो उनके संगठनात्मक कौशल और जनस्वीकार्यता का प्रमाण है। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नितिन नबीन जी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रू अधिक सशक्त होगी तथा राष्ट्रसेवा, सुशासन और समावेशी विकास के संकल्प को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम के दौरान जयस्तंभ चौक देशभक्ति के नारों और कार्यकर्ताओं के उत्साह से गूंजता रहा।

### ये रहे उपस्थित

इस उल्लासपूर्ण आयोजन में भाजपा जिला महामंत्रीद्वय संदीप कुमार झा एवं पंकज जैन, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनू कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिलामंत्री संतनाथ उसेंडी, संतोष साहु, शहर भाजपा मंडल महामंत्रीद्वय बिंदेश पात्र एवं अनुराग पांडेय, संजय तिवारी, लक्षराम साहु, नानु नाग, अनूप भट्टाचार्य, किशोर आर्य, सोमजी कावडे,मयंक जैन, जागेश्वर उसेंडी, विष्णु दत्ता, निलेश बघेल, घुड बघेल, अनूप कुमेटी, लिलेश कौड़ो सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता का बोथा में एसडीओपी ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव पुलिस द्वारा फरसगांव ब्लाक के थाना बड़ेडोंगर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवों के खिलाड़ियों के लिए वॉलीबॉल प्रतियोगिता किया जा रहा है। थाना बड़ेडोंगर के अति संवेदनशील सुदूरवर्ती ग्राम बोथा में दो दिवसीय वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के अध्यक्षता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी बड़ेडोंगर के तत्वावधान में ग्राम बोथा में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ मंगलवार को एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय द्वारा पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर वॉलीबॉल खेल का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, ग्राम पंचायत बोथा सरपंच पूनऊ राम पोयाम व पंचायत के सभी सदस्यगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए थाना बड़ेडोंगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के 20 टीमों द्वारा खेल में भाग लेकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा माह में 50 स्कूली बसों की सघन जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को परिवहन एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में संचालित 50 स्कूली बसों की जांच की गई। जांच के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूली बसों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों के साथ–साथ फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण में 6 वाहन बिना फिटनेस 2 वाहन बिना परमिट 3 वाहन बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र 7 वाहनों में अग्निशमन यंत्र बंद पाए गए। इन अनियमितताओं के चलते कुल 18 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 40 हजार 900 रुपये का चालान काटा गया। जांच के दौरान सभी बस चालकों एवं परिचालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया, ताकि स्कूली बच्चों की यात्र पूर्णतः सुरक्षित रह सके।

**यातायात नियमों के पालन के निर्देश** –परिवहन अधिकारी ने चालकों एवं परिचालकों को निर्धारित वर्दी में रहने, ओवर स्पीड न करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने सभी यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए।

# नारायणपुर में रात्रिकालीन वीर स्मृति पुलिस प्रीमियर लीग का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ सुरक्षा बलों के बीच आपसी तालमेल और भाईचारे को बढ़ावा देने का प्रयास

■ अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के प्रचार से जोड़ा गया आयोजन

जिले के क्रीड़ा परिसर मैदान में नारायणपुर पुलिस द्वारा रात्रिकालीन वीर स्मृति पुलिस प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में अबूझमाड़ क्षेत्र में तैनात आ ई टी बी पी , बीएसएफ, एसटीएफ, डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं जिला पुलिस बल के जवानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इस आयोजन का उद्देश्य सुरक्षा बलों के जवानों के बीच आपसी तालमेल, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करना है। साथ ही यह प्रतियोगिता आगामी 31 जनवरी को आयोजित होने वाली अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और भागीदारी के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक अक्षय साबद्रा ने बताया कि रात्रिकालीन वीर स्मृति पुलिस प्रीमियर लीग को अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के प्रचार (प्रोमोशन) के रूप में आयोजित किया गया है।



इसमें क्षेत्र में शांति बहाली के लिए तैनात विभिन्न सुरक्षा बलों की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे खेल के माध्यम से जवानों में आपसी समन्वय और भाईचारा और अधिक मजबूत होगा।

### *7 विकेट से जीती पत्रकार इलेवन*

*प्रतियोगिता का शुभारंभ सद्भावना मैच के साथ किया गया, जो पुलिस इलेवन और पत्रकार इलेवन के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पत्रकार इलेवन ने पुलिस इलेवन को 7 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि शांति, एकता और सकारात्मक संदेश के साथ आमजन को भी जोड़ने का कार्य कर रहा है।*

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ काटागांव व बालोंड में 10वीं–12वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष सत्र

आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के मद्देनजर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार माकड़ी विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय काटागांव एवं बालोंड में विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आकांक्षी विकासखंड फेलो संतोष कुमार सितारे एवं माइक्रो सेव से खगेन्द्र द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी, समय प्रबंधन, महत्वपूर्ण विषयों एवं संभावित प्रश्नों की तैयारी तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अभ्यास करने, विषयवार रणनीति अपनाने एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

**मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन**– मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, परीक्षा के दौरान दबाव से निपटने के उपाय, आवश्यकता पड़ने पर परामर्श लेने की महत्ता तथा जीवन मूल्यों की जानकारी दी गई।



**वित्तीय समावेशन पर दी गई उपयोगी जानकारी**– कार्यक्रम के दौरान वित्तीय समावेशन विषय के अंतर्गत छात्रें एवं शिक्षकों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान प्रणाली, बचत एवं निवेश योजनाओं तथा विभिन्न शासकीय वित्तीय सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई, जिससे विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता का विकास हो सके। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से लाभान्वित हुए।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन से मिली तकनीक, आय में हुआ ढाई गुना इजाफा

# गोविन्द ने नई कृषि तकनीकों को अपनाकर सुधारी अपने परिवार की आर्थिक स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ पारंपरिक खेती छोड़ अपनाई ड्रिप और मल्चिंग पद्धति

कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम ठोटीमडानार के युवा किसान गोविन्द कोर्राम ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाते हुए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है।



गोविन्द अपने पिता शोभी राम कोर्राम के साथ मिलकर खेती करते हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के कारण उन्होंने बीए सेकंड ईयर तक ही पढ़ाई की, लेकिन खेती को ही अपना भविष्य बनाकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। पूर्व में पारंपरिक तरीकों से खेती करने पर मेहनत और लागत अधिक लगती थी, जबकि उत्पादन सीमित रहता था। इससे परिवार की वार्षिक आय लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये तक ही सीमित थी।

### राष्ट्रीय बागवानी मिशन से मिली नई दिशा

करीब दो वर्ष पूर्व गोविन्द को राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत नवीन तकनीक योजना की जानकारी मिली। उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन से उन्होंने ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक को अपनाया। नई तकनीक अपनाने से पानी और उर्वरकों की बचत हुई, फसलों की गुणवत्ता में सुधार आया और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। वर्तमान में लगभग 3 एकड़ भूमि में मिर्च, बैंगन, करेला एवं अदरक की खेती की जा रही है। जहां पहले मिर्च का उत्पादन प्रति एकड़ लगभग 100 क्विंटल था, वहीं अब कुल 210 क्विंटल तक पहुंच गया है। इससे वार्षिक आय बढ़कर लगभग 3 लाख 65 हजार रुपये हो गई है।

### आर्थिक स्थिति में आया बड़ा बदलाव

आय में वृद्धि से परिवार ने ट्रैक्टर खरीदा, पक्का मकान बनाया और आवागमन के लिए मोटरसाइकिलें लीं। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में भी स्पष्ट सुधार हुआ है। गोविन्द की सफलता देखकर आसपास के किसान उनसे मार्गदर्शन लेने लगे हैं। अब कई किसान पारंपरिक खेती छोड़कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## पेज 11 के शेष

### सड़क पर मलबा...

निकासी व्यवस्था भी पूरी तरह ठप पड़ गई थी। इस कृत्य से स्थानीय स्वच्छता और यातायात संचालन दोनों पर गंभीर असर पड़ रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम के स्वच्छता विभाग की टीम ने सोमवार को तत्काल मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट पाया गया कि संबंधित निर्माणकर्ता ने निगम के तय स्वच्छता मानकों और नियमों का खुला उल्लंघन किया है। मौके पर मौजूद स्वच्छता इंस्पेक्टर अजय बनिक, जोन प्रभारी समीर खान और शक्ति वेल की उपस्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए क्लीनिक प्रबंधन पर गंदगी फैलाने और नाली जाम करने के जुर्म में 10 हजार रुपये का अर्थदंड किया गया। निगम अफसरों ने कहा है कि शहर की सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण या गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही प्रशासन ने सभी नागरिकों और निर्माणकर्ताओं से अपील की है कि वे निर्माण सामग्री को नियत और सुरक्षित स्थान पर ही रखें। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### दियारी मेले में...

केशलूर के पर्यवेक्षण में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा मेला स्थल की घेराबंदी कर दो आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल नाग 36 वर्ष निवासी बड़े पाराकोट थाना परपा तथा मनेर कश्यप 42 वर्ष निवासी डोंगरीगुड़ा थाना परपा शामिल है। आरोपियों द्वारा रूपए का दांव लगाकर जुआ खिलाया जा रहा था। टीम ने फड़ से 15 सौ रूपए तथा आरोपियों के पास से 21 सौ रूपए कुल 3 हजार 6 सौ रूपए के अलावा जुआ खिलाने का टोकना, गोटा व अन्य सामान बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 3 (2) जुआ प्रतिनिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। त्वरित कार्रवाई में एएसआई पन्नालाल कुंजाम, प्रधान आरक्षक संजीव मिंज, आरक्षक मरली कश्यप व बस्तर फाईटर के आरक्षक दिगम्बर कश्यप व अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बीमा कंपनी अदा...

लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से स्वयं के नाम पर लाइफ ऐशोर्ड वेल्थ गोल नामक बीमा पॉलिसी प्राप्त की गई थी जिसमें आवेदक को बतौर नॉमिनी रखा गया था। आवेदक के जीजा की मृत्यु के उपरांत आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेजों सहित बीमा कंपनी के समक्ष बीमा क्षति दावा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसे बीमा कंपनी द्वारा पूर्व की बीमारी छुपाने का आक्षेप लेते हुए निरस्त कर दिया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी को पॉलिसी जारी करने के पहले व्यक्ति की मेडिकल जांच कर लेनी चाहिए। आमतौर पर बीमा कंपनी का अधिकृत डॉक्टर फिटनेस के आंकलन के लिए धारक की जांच करता है और पूर्ण संतुष्टि के बाद ही पॉलिसी जारी की जाती है। इस प्रकार पहले से मौजूद बीमारी के आधार पर दावे को निरस्त करना अमान्य किया जाता है। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### स्कूल बसों की...

को परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले बस व अन्य वाहनों के फिटनेस को लेकर स्कूल प्रबंधन गंभीर नहीं हैं। यही कारण है कि परिवहन विभाग द्वारा दो बार 9 एवं 10 जनवरी को शिविर लगाने के बाद भी स्कूलों की 21 बसें गायब रही। इसको लेकर परिवहन विभाग ने स्कूल और ट्रांसपोर्ट कंपनी को नोटिस जारी किया है, साथ ही ब्लैक लिस्टेड करने का अल्टीमेटम दिया है।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 यथासंशोधित के तहत वर्ष 2025-26 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं पर शासन निर्देश की कंडिका 22.1 के अनुसार 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है।
अतः उक्त 26 जनवरी को जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की समस्त देशी मदिरा दुकान सीएस 2 घघ एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घघ एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.-1 घघ-कम्पोजिट एवं एफ एल 1 ख-कंपोजिट अहाता तथा एफएल 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की हुई बैठक

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अनुसार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का बैठक प्रति सप्ताह आयोजित कर दावा आपत्ति के संबंध में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चतुर्थ साप्ताहिक दावा अपत्ति के संबंध में बैठक आयोजित कर अवगत कराया गया तथा प्ररूप 9, 10, 11, 11, एवं 11ए की हार्ड कापी प्रदाय किया गया। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अमानचित्रित क्षेत्र वाले मतदाताओं का ईआरओ, एईआरओ, एएईआरओ के द्वारा नोटिस जनरेट कर बीएलओ के माध्यम से वितरण कर सुनवाई की तिथियों से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। आज की स्थिति में फार्म 06-2336, फार्म 07-50 एवं फार्म 08-668 प्राप्त हुए है उक्त संबंध में राजनैतिक दलो के जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।
जनप्रतिनिधियों के द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

### कलेक्टर से सेवा यथावत रखने की मांग



**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संचालित बालिका बालगृह में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से निरंतर बालिका बालगृह में सेवाएं दे रहे हैं और निराश्रित, अनाथ एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और भविष्य निर्माण का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कोरोना महामारी के कठिन दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पूरा देश भय और अनिश्चितता से गुजर रहा था, उस समय भी उन्होंने अपने परिवार और बच्चों की चिंता छोड़कर महीनों तक बालगृह परिसर में रहकर बच्चों की सेवा की। कर्मचारियों के अनुसार, उस संकट के समय उन्होंने बच्चों को अकेला नहीं छोड़ा और अपनी जान की परवाह किए बिना उनके पालन-पोषण और मानसिक संबल का पूरा ध्यान रखा। कर्मचारियों ने बताया कि हाल ही में उनकी सेवाएं समाप्त किए जाने अथवा कार्य से हटाए जाने की प्रक्रिया की जानकारी मिलने से वे गहरे मानसिक और आर्थिक संकट में हैं।

# आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- बस्तर पंडुम का आयोजन, विजेता दलों को 20-20 हजार की प्रोत्साहन राशि





आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति, मौलिक परंपराओं एवं जीवनशैली को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित बस्तर पंडुम के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बीजापुर के मिनी स्टेडियम में किया गया।
जनजातीय बहुल बस्तर संभाग की स्थानीय कला एवं संस्कृति, लोककला, शिल्प, तीज-त्योहार, खान-पान, बोली-भाषा एवं रीति-रिवाजों को प्रोत्साहित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं से चयनित दलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला स्तरीय बस्तर पंडुम में कुल 12 विद्याओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला एवं संस्कृति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इनमें जनजातीय नृत्य, नाट्य, लोकगीत, चित्रकला, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्पकला, जनजातीय व्यंजन, पेय पदार्थ तथा बस्तर की वनौषधियों का विशेष रूप से आकर्षक प्रदर्शन शामिल रहा। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेता दलों को आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रत्येक विजेता दल को 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। ये विजेता दल आगामी फरवरी माह में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैय्या जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, नवपदस्थ डीएफओ रमेश जांगड़े, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह पटले सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, जनजातीय समाज के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के नागरिक उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत विधानसभा के अंतिम छोर तक जनसंपर्क

# मनरेगा कोई योजना नहीं, मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

- कोलावल धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों के हित में दिए निर्देश



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत लगातार क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है। इस जनआंदोलन के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर तक पहुंचकर ग्रामीणों, मजदूरों और किसानों को मनरेगा की वास्तविक भावना, इसके अधिकार आधारित स्वरूप और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।
इसी क्रम में बस्तर विधायक कोलावल में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने कोलावल धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा धान खरीदी से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने केंद्र प्रबंधन को किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यप्रणाली में सुधार करने, पारदर्शिता बनाए रखने और धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें समय पर लाभ मिल सके। कोलावल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि देश के नागरिकों को मिला काम का संवैधानिक अधिकार है, उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है। काम के दिनों में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और योजनाबद्ध तरीके से बजट कम कर गरीबों-मजदूरों को उनके अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, यह गरीबों और मज़दूरों का अधिकार है। इस अधिकार से अब कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस हर गांव, हर मजदूर की आवाज बनकर मजबूती से मैदान में खड़ी है। मनरेगा से करोड़ों परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिसे कमजोर करना सीधे-सीधे गरीबों पर हमला है। कांग्रेस पार्टी ऐसे हर प्रयास का सड़क से सदन तक विरोध करती रहेगी।

#### जनता को बताया गया भाजपा सरकार का सच

बैठक के दौरान मनरेगा पर हो रहे हमलों, रोजगार के अवसरों में लगातार कमी और मजदूरी भुगतान में हो रही देरी को लेकर भाजपा सरकार की नीतियों की सच्चाई जनता के सामने रखी गई। विधायक ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक योजना को बचाने की नहीं, बल्कि गरीबों के हक और सम्मान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस जनआंदोलन से जुड़ें और अपनी आवाज को ताकत दें यह सिर्फ यात्रा नहीं, यह हक की लड़ाई है हर गांव, हर पंचायत तक मनरेगा बचाने का संकल्प है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मनरेगा मजदूर, किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने एक स्वर में मनरेगा बचाओ काम का अधिकार बचाओ के नारे के साथ इस संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान मौजूद रहे ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधर बघेल, मानसिंह कवासी,हेमराज बघेल, सरपंच दुर्जन कश्यप, कपूर बेसरा, हेमंत कश्यप, फगनू मरकाम, अस्तु कश्यप, सामो राम कश्यप, जगु राम, बेनुधर बघेल, गणपत, बैशाखु बघेल, जयसिंह कश्यप, डमरू भारती, उदरन बघेल, संतो कश्यप, फूलचंद, राजेश कुमार एवं समस्त कार्यकर्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सियासत गरमाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- विधायक विक्रम मंडावी का प्रशासन पर हमला

जिले में हाल ही में गरीबों के मकानों पर की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर राजनीति तेज हो गई है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेसवार्ता कर प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यदि गरीबों के घरों को अवैध अतिक्रमण बताकर तोड़ा गया है, तो उसी निष्पक्षता के साथ भाजपा नेता संजय लुंकड़ के कथित अवैध कब्जों पर भी बुलडोजर चलाया जाना चाहिए।
विधायक मंडावी ने आरोप लगाया कि प्रशासन की कार्रवाई केवल गरीब और कमजोर वर्ग तक सीमित नजर आ रही है, जबकि प्रभावशाली नेताओं के अवैध कब्जों पर चुप्पी साध ली गई है। उन्होंने इसे गंभीर और चिंताजनक बताया। प्रेसवार्ता में विधायक ने भाजपा नेता संजय लुंकड़ पर कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण होने का आरोप लगाया है। इनमें नया पुलिस लाइन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ भूमि, पुराना पुलिस लाइन एनएच किनारे लगभग 35 डिसमिल, ट्रैफिक कार्यालय के पीछे पवन लुंकड़ के नाम से लगभग 5 डिसमिल, जैतालुर पेट्रोल पंप के पास लगभग 30 डिसमिल व निवास के पास लगभग 10 डिसमिल भूमि। विधायक ने प्रशासन से मांग की कि इन सभी कथित अवैध कब्जों को तत्काल निरस्त किया जाए और जिस तरह गरीबों के मकानों पर बुलडोजर चलाया गया, उसी तरह इन अतिक्रमणों को भी धराशायी किया जाए।
उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की, तो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जा सकता है। फिलहाल प्रशासन या भाजपा नेता संजय लुंकड़ की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# अति गरीब परिवारों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

पिछले वर्ष अति गरीब परिवारों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से ग्राम संगठन की सहायता से एक समग्र पहल की शुरुआत की गई। इस पहल के अंतर्गत सबसे पहले पारदर्शी एवं सहभागी प्रक्रिया के माध्यम से परिवारों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। चयनित परिवार पहले से ही छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूहों के सदस्य थे, जिससे सामूहिक सहभागिता और विश्वास को मजबूती मिली।
दरभा विकासखंड में चारों संकुल के ग्राम संगठनों की सक्रिय भूमिका से कुल 300 परिवारों का चयन किया गया, जो आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर, भूमिहीन थे तथा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 50,000 से भी कम थी। इसके पश्चात, प्रदान संस्था के सहयोग से इनमें से 203 परिवारों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों के संवर्धन हेतु प्रशिक्षण, आवश्यक सामग्री एवं सतत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही, परिवारों को चिकित्सीय सुविधाओं एवं आपात स्वास्थ्य सहायता के लिए भी सहयोग उपलब्ध कराया गया।
इस पहल के अंतर्गत 119 परिवारों को मुर्गी शेड, 35 परिवारों को सिलाई मशीन, 8 परिवारों को लघु उद्यम स्थापित करने में सहयोग दिया गया तथा 18 परिवारों को चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई। इस समन्वित सहयोग का सकारात्मक प्रभाव यह रहा कि आज ये परिवार प्रति तिमाही लगभग 15000 से 20,000 की आय अर्जित कर रहे हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आज आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में अति गरीब परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए और इस यात्रा में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। साथ ही आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर सामूहिक चर्चा कर भविष्य की दिशा तय की गई।
यह कार्यशाला प्रदान संस्था के आशीष मोहंता और दरभा ब्लॉक के पशु मास्टर ट्रेनर शिव राम बघेल के मार्गदर्शन में तीरथधारा महिला संघ, संकुल चिंगपाल में आयोजित की गई। यह पहल न केवल आजीविका सृजन का माध्यम बनी है, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आशा के नए द्वार भी खोल रही है।

# लोहंडीगुड़ा में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा द्वारा नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ललित पाण्डे का स्वागत एवं बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।
बैठक के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नल-जल योजना की अनियमितता, मनरेगा का नाम बदलने के फैसले, धान खरीदी की तिथि बढ़ाने तथा धान घोटाले के विरोध में उसरीबेड़ा एवं धुरागांव में रैली निकाली। रैली के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ललित पाण्डे की अध्यक्षता में निकाली गई रैली में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, बस्तर जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष अभिषेक डेविड सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष ललित पाण्डे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रही है। नल-जल योजना में लापरवाही, धान खरीदी में देरी, मनरेगा से छेड़छाड़ और धान घोटाले को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

### सोम को श्रवण यंत्र किया गया प्रदान



**बस्तर।** विकासखंड बस्तर के संसाधन केंद्र में समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग छात्र सोम मारकंडेय 6 वर्ष कक्षा पहली को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें स्पीच थेरेपी भी दी गई और उनके अभिभावक को श्रवण यंत्र के उपयोग व रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई। सोम मारकंडेय बचपन से ही 60 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं। श्रवण यंत्र के उपयोग से उनकी सुनने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे बोलने की क्षमता का विकास होगा और समाज में अपनी क्षमताओं का विकास करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में प्रभारी राजेश त्यागी बीआरसीओ और बीईओ का सहयोग रहा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुडा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

राजस्व प्रकरण क्रं./ ब-121/ 202512152300207/2025-26
ग्राम लिमउपदर प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा के आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एव, आधारकार्ड, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदिका अपनी पुत्री डूनकी पिता स्व. कमलू का जन्म दिनांक 09/05/2007 उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 31/01/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)**

**-:: उद्घोषणा ::-**

रा.प्र.क्र./ क / ब-121/ 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भगतराम पिता/पति बंशी गढ़िया जाति हल्बा निवास ग्राम बालेंगा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके पत्नि स्व. गीता पिता/पति भगतराम की पिता/माता बंशी गढ़िया मृत्यु दिनांक 21.05.2004 को ग्राम बालेंगा में होना बताते हुए मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 30.01.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 15.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — तहसीलदार बस्तर

**समक्ष-श्रीमान नोटरी पब्लिक- नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

**:: शपथ-पत्र ::**

मैं सुखदेव पोटाई पिता झिटकू पोटाई जाति गोंड, निवासी ग्राम मोरसकोड़ो पोस्ट फरसगांव तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) का निम्नांकित सत्य कथन करता हूँ कि :-
1. यह कि मेरा सही नाम उपनाम सहित सुखदेव पोटाई (SUKHDEV POTAI) है मेरे पिता का नाम उपनाम सहित झिटकू पोटाई (JHITKU POTAI) है एवं मेरी सही जन्मतिथि 11/06/2008 है जो मेरे जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है जिसकी सत्यप्रतिलिपी संलग्न है।
2. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा प्रदत्त मेरा आधार कार्ड क्रमांक 6051 0563 2637 मे मेरा नाम गाण्डो राम (GANDO RAM) अंकित है एवं मेरे पिता का नाम झिटकू राम (JHITKU RAM) एवं मेरी जन्मतिथि 01/01/2008 अंकित है जो गलत अंकित है।
3. यह कि मैं, मेरे आधार कार्ड क्रमांक 605105632637 में मेरा सही नाम उपनाम सहित सुखदेव पोटाई (SUKHDEV POTAI) एवं मेरे पिता का नाम उपनाम सहित झिटकू पोटाई (JHITKU POTAI) एवं मेरी सही जन्मतिथि 11/06/2008 अंकित कराना चाहता हूं।
4. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा प्रदत्त मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6051 0563 2637 मे अंकित मेरा नाम गाण्डो राम (GANDO RAM) एवं मेरे पिता का अंकित नाम झिटकू राम (JHITKU RAM) एवं मेरी अंकित जन्मतिथि 01/01/2008 के स्थान पर मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6051 0563 2637 में मेरा सही नाम उपनाम सहित सुखदेव पोटाई (SUKHDEV POTAI) एवं मेरे पिता का नाम झिटकू पोटाई (JHITKU POTAI) एवं मेरी सही जन्मतिथि 11/06/2008 अंकित करने बाबत राजपत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र मेरे द्वारा निष्पादित एवं प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापनः-
मैं शपथकर्ता सुखदेव पोटाई पिता झिटकू पोटाइ सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य है। आज दिनाँक 16/01/2026 को स्थान नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर किया।
स्थान :- नारायणपुर — सुखदेव
दिनांक :- 16.01.2026 — सत्यापनकर्ता

**समक्ष - श्रीमान नोटरी पब्लिक - नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं रामसाय उइके पिता सुक्कू राम जाति गोंड, निवासी ग्राम मोरसकोड़ो पोस्ट फरसगांव तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) का निम्नांकित सत्य कथन करता हूँ कि :-
1. यह कि मेरा सही नाम उपनाम सहित रामसाय उइके (RAMSAY UIKEY ) है एवं मेरे पिता का सही नाम सुक्कू राम (SUKKU RAM) है एवं मेरी सही जन्मतिथि 05/08/2008 है जो मेरे जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है जिसकी सत्यप्रतिलिपी संलग्न है।
2. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा प्रदत्त मेरा आधार कार्ड क्रमांक 4944 1462 1142 मे मेरा नाम बोटी (BOTI) अंकित है एवं मेरे पिता का नाम सक्कू (SAKKU) एवं मेरी जन्मतिथि 01/01/2003 अंकित है जो गलत अंकित है।
3. यह कि मैं, मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4944 1462 1142 में मेरा सही नाम उपनाम सहित रामसाय उइके (RAMSAY UIKEY) एवं मेरे पिता का सही नाम सुक्कू राम (SUKKU RAM) एवं मेरी सही जन्मतिथि 05/08/2008 अंकित कराना चाहता हूं।
4. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा प्रदत्त मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4944 1462 1142 मे मेरा अंकित नाम मेरा नाम बोटी (BOTI) एवं मेरे पिता का अंकित नाम सक्कू (SAKKU) एवं मेरी अंकित जन्मतिथि 01/01/2003 के स्थान पर मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4944 1462 1142 में मेरा सही नाम उपनाम सहित रामसाय उइके (RAMSAY UIKEY) एवं मेरे पिता का सही नाम सुक्कू राम (SUKKU RAM) एवं मेरी सही जन्मतिथि 05/08/2008 अंकित करने बाबत राजपत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र मेरे द्वारा निष्पादित एवं प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रामसाय

सत्यापन
मैं शपथकर्ता रामसाय उइके पिता सुक्कू राम सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य है। आज दिनाँक 16/01/2026 को स्थान नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर किया।
स्थानः- नारायणपुर — सत्यापनकर्ता
दिनांक : 16/01/2026 — रामसाय

प्रोसेस क्रमांक 22/2026
पेशी तारीख 17/02/2026

**:: मुकदमें के फैसले के बारे में समंस ::**
**(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5, रूल्स 1 और 5)**

दीवानी मुकदमा नं. 01/2026 सन्
अदालत :-(शिव प्रकाश त्रिपाठी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बस्तर स्थान जगदलपुर
श्रीमती शांति देवी शुक्ला .............................
..................................................आवेदिका
श्रीमती पूजा पाण्डेय व अन्य (03)..............
.............................................अनावेदकगण
बनामः- आम जनता।

क्योंकि आवेदिका ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण कमांक 01/2026 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हे इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 17 माह 02 सन् 2026 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखरी फैसले के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।
तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।
आज तारीख 19 माह 01 सन् 2026 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — जज

# बाहरी राज्यों में पलायन रोकने जागरुकता बढ़ाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत झोड़ियाबादम, बोदली एवं हिड़पाल में शासन के निर्देशानुसार रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार, आवास और आजीविका से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ पहुँचाना है। भारत जी-राम के तहत प्रति माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस आयोजित किया जाता रहा है। अब इसी तिथि को आवास दिवस भी मनाया जाएगा। इस दौरान तकनीकी सहायक और रोजगार सहायक ग्रामीणों को गांव में ही उपलब्ध कार्यों की जानकारी देंगे तथा बाहरी राज्यों में पलायन रोकने हेतु जागरूकता बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की सूची का वाचन, किस्तों की स्थिति, निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा अभिसरण कन्वर्जेन्स से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने हितग्राहियों को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत जी-राम गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना की जानकारी भी दी गई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सांसद की अध्यक्षता में 23 को होगी दिशा समिति की बैठक

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में विकास कार्यों की गति और केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से आगामी 23 जनवरी को सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक रखी गई है। बैठक में 76 केंद्रीय योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सांसद आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, नरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट भी पटल पर रखी जाएगी।

### कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का अवसर

**जगदलपुर।** राज्य शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत बस्तर संभाग के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बस्तर संभाग जगदलपुर के प्राचार्य द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह प्रशिक्षण सत्र 1 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक संचालित होगा। इस सत्र के लिए संभाग के सभी सात जिलों के कर्मचारियों हेतु कुल 50 सीटें निर्धारित की गई हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र कर्मचारी अपना आवेदन पत्र कार्यालय प्रमुख की अनुशंसा के साथ 31 जनवरी की शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते हैं।

### अनुत्तीर्ण एवं पूरक कर्मचारियों के लिए परीक्षा का अवसर

**जगदलपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बस्तर संभाग जगदलपुर के द्वारा उन लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की गई है, जो पूर्व में लेखा प्रशिक्षण तो प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे थे। साथ ही समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जारी परिपत्र में अवगत कराया गया है कि ऐसे कर्मचारी जिनका पिछला परीक्षा परिणाम अनुत्तीर्ण रहा है या जिन्हें पूरक की पात्रता मिली है, वे फरवरी 2026 में आयोजित होने वाली लेखा प्रशिक्षण परीक्षा में पुनः सम्मिलित हो सकते हैं।

### प्रधान पाठक बनने की समय-सारिणी जारी

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे टी (ट्राइबल) एवं ई (एजुकेशन) संवर्ग के शिक्षकों और प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। बस्तर संभाग के अंतर्गत कार्यरत स्नातक व प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नत करने की आधिकारिक परिपत्र में इस हेतु विस्तृत समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा विभाग एचआर सोम ने इस संबंध में बताया कि पदोन्नति की यह पूरी प्रक्रिया जनवरी के अंत से शुरू होकर मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगी।

# आवास योजना के निर्माण कार्यों में आवश्यक प्रगति लाएं : जैन

## समय-सीमा की बैठक में धान खरीदी सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन द्वारा मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रथम किश्त प्राप्त आवासों की भौतिक प्रगति, वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवासों की प्रगति तथा स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत प्रथम किश्त प्राप्त आवासों के निर्माण कार्य की स्थिति का संज्ञान लिया और निर्माण कार्यों में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में स्वच्छता शुल्क की वसूली, ग्रामों में स्वीकृत बर्तन बैंकों की स्थापना, मनरेगा कार्यों का जनपद स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वीकृत कार्य पर चर्चा की गई। साथ ही मनरेगा अंतर्गत ई-केवाईसी एवं एबीपीएस आधारित भुगतान को बढ़ाते हुए प्रतिदिन हजार हितग्राहियों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मनरेगा, डीएमएफटी एवं



### स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की प्रगति पर चर्चा हुई

शिक्षा विभाग से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति, स्कूल स्तर से जाति प्रमाण पत्र निर्माण, विकासखंडवार अपार आईडी जनरेशन की अद्यतन स्थिति का संज्ञान लिया गया। स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड, वय वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, एनआरसी की स्थिति, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार, आरबीएसके चिरायु योजना, स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की प्रगति पर चर्चा हुई।

नरेगा मद से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य दुकानों की भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से स्वीकृत कार्यों की प्रगति, एनसीईएआर रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए आधार रिवेरिफिकेशन के लिए जनजागरूकता, आयुष्मान कार्ड की स्थिति पर भी चर्चा हुई।

खाद्य विभाग से संबंधित बिंदुओं में खाद्य भंडारण की स्थिति, डीडी राशि जमा, ई-पॉस मशीन से ई-केवाईसी, धान खरीदी केंद्रों में बारदाना की उपलब्धता, डीओ के आधार पर धान उठाव, अधिक खरीदी वाले उपार्जन केंद्रों की जांच के निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन केंद्रों में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक धान खरीदी हुई है, वहां अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए। साथ ही रकबा समर्पण, गेट पास एप में नियमित एंट्री एवं भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।





## बाबा रामदेव मंदिर के रजत जयंती वर्ष में होंगे विविध कार्यक्रम

# भक्तों ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के संतोषी वार्ड स्थित श्री श्री बाबा रामदेव मंदिर में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ माघ मेला शुरू हुआ। इस अवसर पर बाबा रामदेव मंदिर में विधिविधानपूर्वक श्री बाबा रामदेव का अभिषेक किया गया। इस दौरान आरती उपरांत बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया। इससे पहले बाबा रामदेव के भक्तों द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जो मां दंतेश्वर मंदिर से मिताली चौक होते हुए मेन रोड से श्री रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। संतोषी वार्ड स्थित बाबा रामदेव मंदिर इस वर्ष अपना 25 वर्ष पूरा कर रजत जयंती वर्ष मना रहा है। वर्ष 2001 में बसंत पंचमी के दिन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



हुई थी। बाबा रामदेव मंदिर समिति के पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष माघ मेला 10 दिवसीय होगा। उन्होंने बताया कि बाबा रामदेव मंदिर अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है। मंदिर निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर माघ मेले में विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। बुधवार को तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ शुरू होगा, जिसमें 108 जोड़े शामिल होंगे। इसके साथ ही आने वाले दिनों विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अखंड परिक्रमा, भजन संध्या, जम्मा जागरण, बाबा रामदेव का जीवन दर्शन और अंताक्षरी क्विज सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। माघ मेले के अंतिम दिन 29 जनवरी को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी और महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# नितिन नबीन के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मंत्री केदार कश्यप ने की मुलाकात

वनमंत्री केदार कश्यप ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं दी। कश्यप ने कहा कि उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री के रूप में कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा है। उनके साथ संगठन से जुड़े विभिन्न समसामयिक, रणनीतिक विषयों पर सार्थक, सकारात्मक एवं दूरगामी योजना बनाकर हमने कार्य किया है। जिसका परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का अनुभव का लाभ



भाजपा को प्राप्त होगा। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से पार्टी के संगठन को मजबूती मिलेगी। युवा ऊर्जा और आधुनिक सोच से पार्टी को नए युवाओं को जोड़ने में मदद मिलेगी। नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पार्टी का प्रभाव बढ़ेगा और वे नए मतदाताओं को आकर्षित कर पाएंगे। उनके साथ कार्य का जो मेरा अनुभव है उसके आधार पर यहीं कह सकता हूं कि नितिन नबीन की रणनीतिक क्षमता से पार्टी को आगामी चुनावों में लाभ होगी।

### कार्यकर्ताओं को नवीन ऊर्जा मिलेगा : पाण्डेय



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने उनके यशस्वी कार्यकाल की कामना कर बधाई दी है। पाण्डेय ने कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। पाण्डेय ने कहा कि एक युवा नेता होने के नाते नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊँचाई प्रदान करेगा।

# तीर से घायल की ऑपरेशन से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मेकाज के आर्थोपेडिक्स विभाग की टीम ने किया इलाज

बस्तर संभाग अंतर्गत जिला मुख्यालय सुकमा शहर में घरेलू विवाद के दौरान एक व्यक्ति अपने ही पुत्र द्वारा किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के आर्थोपेडिक्स विभाग की टीम ने ऑपरेशन कर तीर घायल व्यक्ति की जान बचाई। बताया जा रहा है कि घटना में पीड़ति की जांघ में एक तीर धंस गया, जबकि दूसरा तीर कलाई के पास घुसकर हाथ की महत्वपूर्ण नस (नर्व) को दबा रहा था। स्थिति अत्यंत संवेदनशील थी, क्योंकि समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में हाथ की स्थायी क्षति जान को भी खतरा हो सकता था। घायल को तत्काल चिकित्सालय लाया गया, जहां रात्रि लगभग 2 बजे आथोर्पेडिक्स विभाग की टीम ने तत्परता से उपचार प्रारंभ किया। मेकाज के सहायक प्राध्यापक, आथोर्पेडिक्स विभाग, डॉ. आदित्य





कौशिक ने विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीत पाल के मार्गदर्शन में जटिल शल्य प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। चिकित्सकीय जांच में पाया गया कि यद्यपि रोगी हेमोडायनामिक रूप से अस्थिर नहीं था, फिर भी कलाई में धंसा तीर नस पर दबाव बना रहा था, जिससे स्थायी नर्व डैमेज का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। टीम द्वारा अत्यंत सावधानी और विशेषज्ञता के साथ दोनों तीरों को सुरक्षित रूप से निकाला गया। विशेष रूप से कलाई क्षेत्र में की गई सटीक प्रक्रिया के माध्यम से हाथ की नस को होने वाली संभावित क्षति को समय रहते रोक लिया गया। इस जटिल हस्तक्षेप में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. गुलाब सिंह काशी ने कुशलता से उपयुक्त क्षेत्रीय एनेस्थीसिया प्रदान किया, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और सुचारु रूप से सम्पन्न हो सकी।

मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने इस संबंध में कहा कि चिकित्सकों के अनुसार ऐसी चोटें अत्यंत घातक सिद्ध हो सकती हैं, विशेषकर जब वे नसों के समीप हों। मध्य रात्रि में त्वरित निर्णय, अनुभवी चिकित्सकीय हाथों और समन्वित टीमवर्क के कारण यह जीवन-रक्षक उपचार संभव हो पाया। वर्तमान में रोगी की स्थिति स्थिर है और हाथ की कार्यक्षमता सुरक्षित रहने की उम्मीद जताई गई है। चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और चिकित्सकों की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण प्रस्तुत करती है।

# साप्ताहिक बाजार मावलीपदर व पखनार में यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- वाहनों में पाम्पलेट चस्पा कर यातायात नियमों का पालन करने की गई अपील
- दुर्घटना रोकने चार बिन्दुओं पर रखा जा रहा फोकस

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को दरभा क्षेत्र के मावलीपदर व पखनार बाजार में यातायात पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने रथ के माध्यम से लघु फिल्म दिखाया गया। वहीं बाजार में मौजूद लोगों में पाम्मलेट व पाकेट डायरी का वितरण किया गया। बाजार में मौजूद चार पहिया वाहनों में भी पाम्पलेट चस्पा कर वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई।

डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन ने बताया कि साप्ताहिक बाजार मावलीपदर व पखनार में सुबह से ही यातायात अमले द्वारा ग्रामीणों से चर्चा की गई। ग्रामीणों को होने वाली दुर्घटनाओं से सम्बधित शार्ट फिल्म दिखाते हुए दुर्घटनाओं के कारण व बचने के उपाय बताए गए। बाजारों में विशेषकर दुपहिया व चारपहिया वाहन लेकर आने वाले चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान बाजारों में मौजूद बस, ऑटो, टैक्सी, पिकअप व दुपहिया वाहनों में यातायात जागरूकता से संबंधित पोस्टर चिपका कर पाम्पलेट का वितरण किया गया और उन्हें हाल ही में हुए दुर्घटनाओं की जानकारी देकर दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताकर जागरूक किया गया।



### चार बिन्दुओं पर रहेगा फोकस

लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए यातायात पुलिस वाहन चालकों को चार बिन्दुओं में जानकारी दे रही है जिसका प्रमुख उदुदश्य आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित सफर के साथ दुर्घटना से बचाव व रोकथाम करना है। चालकों को सड़क पर चलते समय यातायात नियमों की उपेक्षा करने से होने वाले संभावित सड़क दुर्घटना के कारण शारीरिक चोट एवं उसके मानसिक प्रभाव व दुष्परिणाम के बारे में बताया जा रहा है इसके अलावा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों व दुर्घटनाओं से संबंधित लघु फिल्म, वीडियो दिखाकर लोगों को घटना के वास्तविक कारणों को बता कर उन्हें समझाईश देते हुए बताया जा रहा है कि सड़क हादसों में घायल व्यक्ति को त्वरित अस्पताल पहुंचाने में मदद करें और नशे में वाहन न चलावें क्योंकि सुरक्षित सफर ही सुरक्षित जीवन है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# माओवाद मुक्त बस्तर में विकास को मिलेगी नई दिशा एवं गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर जिला पत्रकार संघ का नव वर्ष मिलन, आईजी, कलेक्टर और एसपी पहुंचे

बस्तर जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में जिले के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि शामिल हुए। इस आयोजन में पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता सहित अन्य सभी पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे। नव वर्ष मिलन समारोह के दौरान



सौहार्दपूर्ण वातावरण में अधिकारियों और पत्रकारों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

आईजी ने बस्तर में आ रहे सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने बस्तर में विकास के नवीन प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि बस्तर अब तेजी से माओवाद से मुक्त हो रहा है। माओवाद मुक्त हो रहे क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि बस्तर में शांति के साथ-साथ खुशहाली एवं समृद्धि भी आए। कलेक्टर ने बस्तर के विकास में मीडिया की भूमिका को प्रशासन के बराबर ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा बस्तर की तरक्की में प्रशासन के प्रयासों के साथ मीडिया का सहयोग बेहद जरूरी है। कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों से जिले की सतत विकास और जनहित के मसलों पर सुझाव देने का आग्रह करते हुए कहा कि यहां की मीडिया हमेशा से विकास और आम जनता से जुड़ी जरूरी मुद्दों को उठाता रहा है, जिससे प्रशासन को दिशा मिलती है।

एसपी ने पुलिस और मीडिया के बीच के समन्वय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को हमेशा ही मीडिया का सकारात्मक सहयोग मिलता रहा है। किसी भी जरूरी सन्देश को आम जनों तक तत्काल पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका रही है। इस दौरान बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बस्तर के हितों से जुड़े मसलों पर सकारात्मक पत्रकारिता के जरिए सजग दायित्व निभाने आश्वस्त किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग मौजूद रहे।

आवश्यकता है
नीलिमा डेवलपर्स एवं बिल्डर्स में प्रोजेक्ट साइट हेतु सिविल इंजीनियर एवं साइट सुपरवाईजर की आवश्यकता है।
सिविल इंजीनियर (BE) - कम से कम साइट में 5 वर्षो का अनुभव एवं
साइट सुपरवाईजर- कम से कम साइट में 3 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।
सिविल इंजीनियर का वेतन 40,000 से 45,000 मासिक (योग्यता अनुसार) एवं साइट सुपरवाइजर का मासिक वेतन 15,000 से 20,000 तक।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि- 25.01.2026
नीलिमा डेवलपर्स
शिवमंदिर के पास, चित्रकोट रोड, धरमपुरा नं 1, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.
फोन- 07782 358085,मोबा.- 92441 44694